मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

प्रिलिम्स के लिये:

मॉर्ले-मिंटो सुधार (1909), असहयोग आंदोलन, गांधीजी का नमक सत्याग्रह।

मेन्स के लिये:

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और उनका योगदान।

चर्चा में क्यों?

भारत के प्रधानमंत्री ने **देश के प्रथम शिक्षा मंत्री** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को **उनकी 134वीं जयंती** पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

- वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष **11 नवंबर** को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जयंती को **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में** मनाया जाता है।

//

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद:

- **जन्म:** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जिनका मूल नाम मुहियुद्दीन अहमद था, **का जन्म 11 नवंबर, 1888 को मक्का, सऊदी अरब में हुआ था।**
    - आज़ाद एक उत्कृष्ट वक्ता थे, जैसा कि उनके नाम से संकेत मिलता है- 'अबुल कलाम' का शाब्दिक अर्थ है**'संवादों का देवता' (Lord of Dialogues)।**
- **संक्षिप्त परिचय:**
    - वे एक पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद् थे।
- **योगदान (स्वतंत्रता पूर्व):**
    - ये विभाजन के कट्टर विरोधी थे तथा हिंदू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे।
        - वर्ष 1912 में उन्होंने उर्दू में अल-हिलाल नामक एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की, जिसने मॉर्ले-मिंटो सुधारों (1909) के बाद दो समुदायों के बीच हुए मनमुटाव को समाप्त कर हिंदू-मुस्लिम एकता को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
            - वर्ष 1909 के सुधारों के तहत मुसलमानों के लिये अलग निर्वाचक मंडल के प्रावधान का हिंदुओं द्वारा विरोध किया गया था।
        - सरकार ने अल-हिलाल पत्रिका को अलगाववादी विचारों का प्रचारक माना और 1914 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया।
        - मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने हिंदू-मुस्लिम एकता पर आधारित भारतीय राष्ट्रवाद और क्रांतिकारी विचारों के प्रचार के समान

मशिन के साथ अल-बालाग नामक एक अन्य साप्ताहकि पत्र का प्रकाशन शुरू कयिा।

- वर्ष 1916 में ब्रटिशि सरकार ने इस पत्र पर भी प्रतबिंध लगा दयिा तथा मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को कलकत्ता से नष्किासति कर बहिर नरि्वासति कर दयिा गया, जहाँ से उन्हें वर्ष 1920 में प्रथम वश्वि युद्ध के बाद रहिा कर दयिा गया था।

- आज़ाद ने गांधीजी द्वारा शुरू कयि गए असहयोग आंदोलन (1920-22) का समर्थन कयिा और 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामलि हुए।
  - वर्ष 1923 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। 35 वर्ष की आयु में वह भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की अध्यक्षता करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्त बिन गए।
- वर्ष 1930 में मौलाना आज़ाद को गांधीजी के नमक सत्याग्रह में शामलि होने तथा नमक कानून का उल्लंघन करने के लयि गरिफ्तार कयिा गया था। उन्हें डेढ़ साल तक मेरठ जेल में रखा गया था।
- वे 1940 में फरि से कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष बने और 1946 तक इस पद पर बने रहे।

- **एक शक्षिावदि:**
  - शक्षिा के क्षेत्र में मौलाना आज़ाद उदारवादी सर्वहतिवाद/सार्वभौमकिता के प्रतपिादक थे, जो वास्तव में उदार मानवीय शक्षिा प्रणाली थी।
  - शक्षिा के संदर्भ में आज़ाद की वचिारधारा पूर्वी और पश्चमिी अवधारणाओं के सम्मलिन पर केंद्रति थी जसिसे पूरी तरह से एकीकृत व्यक्तत्वि का नरि्माण हो सके। जहाँ पूर्वी अवधारणा आध्यात्मकि उत्कृष्टता एवं व्यक्तगित मोक्ष पर आधारति थी वहीं पश्चमिी अवधारणा ने सांसारकि उपलब्धयिों और सामाजकि प्रगत पिर अधकि बल दयिा।
  - वे जामयिा मल्लियिा इस्लामयिा वश्विवद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से एक थे जसि मूल रूप से वर्ष 1920 में संयुक्त प्रांत के अलीगढ़ में स्थापति कयिा गया था।
- **उनकी रचनाएँ:** बेसकि कॉन्सेप्ट ऑफ कुरान, गुबार-ए-खातरि, दर्श-ए-वफा, इंडयिा वन्सि फ्रीडम आद।ि
- **योगदान (स्वतंत्रता के पश्चात):**
  - वर्ष 1947 में वह **स्वतंत्र भारत के प्रथम शक्षिा मंत्री** बने और **वर्ष 1958 में अपनी मृत्यु तक इस पद पर बने रहे**। अपने कार्यकाल में उन्होंने देश के उत्थान के लयि उल्लेखनीय कार्य कयि।
    - शक्षिा मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान देश में पहले IIT, IISc, स्कूल ऑफ प्लानगि एंड आर्कटिेक्चर और वश्विवद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई थी।
  - अन्य देशों में भारतीय संस्कृत िके परचिय हेतु **भारतीय सांस्कृतकि संबंध परषिद** (Indian Council for Cultural Relations-ICCR) का गठन कयिा।
  - उन्होंने नम्निलखिति **तीन अकादमयिों का गठन** कयिा:
    - साहत्यि के वकिास के लयि साहत्यि अकादमी।
    - भारतीय संगीत एवं नृत्य के वकिास के लयि संगीत नाटक अकादमी।
    - चत्रिकला के वकिास के लयि ललति कला अकादमी।
- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को मरणोपरांत **वर्ष 1992 में** भारत के सर्वोच्च नागरकि सम्मान भारत रत्न से सम्मानति कयिा गया था।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष वर्ष के प्रश्न (PYQ)

प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन सी एक पत्रकिा अबुल कलाम आज़ाद द्वारा नकिाली गई थी? (2008)

(a) अल-हलिाल
(b) कॉमरेड
(c) भारतीय समाजशास्त्री
(d) ज़मींदार

उत्तर: (a)

प्रश्न. आज़ादी से पहले और बाद के भारत में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के योगदान पर चर्चा कीजयि। **(मुख्य परीक्षा, 2013)**

स्रोत: हदिुस्तान टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maulana-abul-kalam-azad-1